मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-510
**12/08/2026**

# मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले में प्रस्तावित मां थावे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के स्थल का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

- मां थावे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण से गोपालगंज सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई आधारभूत संरचना विकसित होगी। स्थानीय स्तर पर गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

पटना, 12 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज गोपालगंज जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और बेहतर चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में जिले के थावे प्रखंड स्थित चनावे ग्राम में प्रस्तावित मां थावे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण को लेकर चिह्नित स्थल का निरीक्षण किया तथा निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को 25 एकड़ 20 डिसमिल भूमि में प्रस्तावित मां थावे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण के संबंध में साइट मैप के माध्यम से स्थल की उपलब्धता, आधारभूत सुविधाओं, पहुंच मार्ग, भूमि की स्थिति सहित परियोजना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रस्तावित मां थावे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने तथा परियोजना को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां थावे मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण से गोपालगंज सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और स्वास्थ्य क्षेत्र में नई आधारभूत संरचना विकसित होगी, इससे स्थानीय स्तर पर गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

निरीक्षण के दौरान खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री सुनील कुमार, विधान पार्षद श्री जनक राम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, सारण प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 मनीष कुमार, सारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री नीलेश कुमार, गोपालगंज के जिलाधिकारी श्री समीर सौरभ, पुलिस अधीक्षक श्री विनय तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******